प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I) का कार्यालय, केरल, तिरुवनंतपुरम
OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL (AUDIT-I), KERALA, THIRUVANANTHAPURAM

संख्या ले.प./प्रशा. VI/5-96/खंड VI

दिनांक: 29.01.2021

प्रतिनियुक्ति सूचना सं. 20

अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय (हज प्रभाग), भारत सरकार, हज 2021 के लिए भारत के महावाणिज्य दूतावास, जेद्दा, साउदी अरब में सहायक हज अधिकारी एवं हज सहायक के पद पर अस्थायी प्रतिनियुक्ति हेतु ग्रुप 'बी' एवं 'सी' संवर्ग के मुस्लिम महिला एवं पुरुष पदाधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

प्रतिनियुक्ति की नियम व शर्तें अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय (हज प्रखंड) के कार्यालय ज्ञापन सं. हज-16-/06/2020-हज-एमओएमए दिनांक 06/01/2021 के परिशिष्ट "ए" में उपलब्ध हैं।

पदाधिकारी जो पहले ही तीन या अधिक बार हज प्रतिनियुक्ति पर जा चुके हैं या वर्ष 2019 के दौरान हज प्रतिनियुक्ति पर गए हैं, पात्र नहीं हैं।

आवेदक की आयु दिनांक 01/01/2021 को 25 वर्ष से कम एवं 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

इच्छुक एवं पात्र पदाधिकारी दिनांक 05.02.2021 तक अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय की बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें और ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंटआउट की प्रति आवश्यक संलग्नकों सहित अपने संबंधित प्रशासनिक अनुभाग के माध्यम से दिनांक 08.02.2021 तक या उससे पहले प्रशासनिक अनुभाग (लेखापरीक्षा-I) को प्रस्तुत करें।

(प्रधान महालेखाकार के दिनांक 28.01.2021 के आदेशानुसार)

हस्ता/-

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/प्रशासन

प्रति :

1. सूचना पट्ट
2. सभी शाखा कार्यालय/ स्थानिक लेखापरीक्षा अधिकारी
3. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/प्रशासन (लेखापरीक्षा-II)
4. फील्ड पार्टियों को सूचनार्थ- सभी नियंत्रक अनुभाग